प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 बुधवार** **दिनांक 24.09.2025**

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**
**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**

मुख्य समाचारः—

1—दंतेवाड़ा जिले में आज इक्कीस महिला सहित इकहत्तर माओवादियों ने सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण किया।

2—"स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार" अभियान के तहत आज प्रदेश में राज्यव्यापी महिला स्वास्थ्य सम्मेलन का आयोजन किया गया।

3— भिलाई के मरोदा जलाशय में प्रदेश का पहला फ्लोटिंग सौर विद्युत संयंत्र स्थापित किया गया।

4—मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों में रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग संभाग के जिलों में कुछ स्थानों पर भारी से अति भारी वर्षा होने की चेतावनी दी।

## माओवादी—आत्मसमर्पण

दंतेवाड़ा जिले में आज इक्कीस महिला सहित इकहत्तर माओवादियों ने सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने बताया कि इनमें से तीस माओवादियों पर कुल चौंसठ लाख रूपये का इनाम घोषित था।

आत्मसमर्पित माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत पचास—पचास हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि के साथ सरकार द्वारा दी जाने वाली अन्य सुविधाएं — जैसे कौशल विकास का प्रशिक्षण आदि मुहैया कराए जाएंगे।

## 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान

"स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार" अभियान के तहत आज प्रदेश में राज्यव्यापी महिला स्वास्थ्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य जांच शिविर, टीकाकरण सत्र, पोषण संवाद और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की और टीकाकरण किया। वहीं, एक हजार आठ सौ नवासी गर्भवती महिलाओं को पोषण संबंधी परामर्श, आयरन और कैल्शियम की दवा दी गई। इसके अलावा किशोरी बालिकाओं को मासिक धर्म स्वच्छता, सेनेटरी नैपकिन के प्रयोग और संक्रमण से बचाव के उपायों पर प्रशिक्षण दिया गया।

## मुख्यमंत्री—जीएसटी बचत उत्सव—01

वस्तु और सेवा कर—जीएसटी की दरों में किए गए सुधारों को लेकर इन दिनों प्रदेश में जीएसटी बचत उत्सव मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कल शाम रायपुर में विभिन्न

व्यापारिक प्रतिष्ठानों में जाकर दुकानों में बचत उत्सव के स्टीकर लगाए और स्थानीय दुकानदारों तथा ग्राहकों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधार से देश की आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी, जिससे स्थानीय रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा।

युक्तियुक्तकरण–कार्रवाई

युक्तियुक्तकरण के बाद भी जिन शिक्षकों ने अभी तक कार्यभार ग्रहण नहीं किया है, उनके खिलाफ छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा जिन मामलों में राहत या स्थगन प्रदान किया गया है, उन्हें छोड़कर स्कूल शिक्षा विभाग ने शेष सभी शिक्षकों को दो दिनों के भीतर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं।

बीएसपी–फ्लोटिंग सौर विद्युत संयंत्र

भारत इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड–सेल और राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम–एनटीपीसी के संयुक्त उपक्रम एन.एस.पी.सी.एल. ने भिलाई इस्पात संयंत्र–बीएसपी के मरोदा–एक जलाशय में प्रदेश का पहला पंद्रह मेगावाट क्षमता वाला फ्लोटिंग सौर विद्युत संयंत्र स्थापित किया गया है। एनएसपीसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिवाकर कौशिक ने बताया कि यह फ्लोटिंग सौर संयंत्र एक सौ ग्यारह करोड़ पैंतीस लाख रुपये की लागत से अस्सी एकड़ जल क्षेत्र में निर्मित किया गया है। इससे प्रतिवर्ष लगभग चौंतीस दशमलव दो–पांच मिलियन यूनिट स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन होगा।

शिक्षक–काउंसिलिंग प्रक्रिया

लोक शिक्षण संचालनालय ने व्याख्याता और व्याख्याता एल.बी. संवर्ग में विषयवार पदोन्नति आदेश जारी किया है। पदोन्नत व्याख्याताओं के शाला आबंटन की प्रक्रिया ओपन काउंसिलिंग के माध्यम से की जाएगी। काउंसिलिंग की प्रक्रिया कल पच्चीस से अट्ठाईस सितंबर तक रायपुर के शंकर नगर स्थित शिक्षा महाविद्यालय परिसर में संपन्न होगी। इस प्रक्रिया में एक हजार एक सौ छह पदोन्नत व्याख्याता–व्याख्याता एल.बी. शामिल होंगे। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि काउंसिलिंग से संबंधित सूची, रिक्त पदों की सूची और समय–सारणी विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है।

मनरेगा दर्पण

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने धमतरी जिले के करेली बड़ी गांव में आयोजित राज्य स्तरीय महतारी सदन लोकार्पण कार्यक्रम में ''मनरेगा दर्पण–नागरिक सूचना पटल'' का शुभारंभ' किया। क्यूआर कोड और जी.आई.एस. तकनीक पर आधारित यह पहल गांवों में डिजिटल सशक्तिकरण और सुशासन की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इस प्रणाली से अब गांव का हर व्यक्ति यह जान सकेगा कि मनरेगा के तहत उसके क्षेत्र में कौन से कार्य स्वीकृत हुए हैं, कितनी राशि खर्च हुई है और काम की वर्तमान स्थिति क्या है।

छत्तीसगढ़ केयर कनेक्ट

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ केयर कनेक्ट कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ अब केवल कोर सेक्टर तक सीमित नहीं है, बल्कि आने वाले समय में यह वेलनेस, हेल्थकेयर और पर्यटन के क्षेत्र में भी राष्ट्रीय पहचान बनाएगा।
उन्होंने कहा कि अब हम इज ऑफ डूइंग बिज़नेस से आगे बढ़कर स्पीड ऑफ डूइंग बिज़नेस के युग में प्रवेश कर चुके हैं। श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ केयर कनेक्ट में अस्पतालों और हेल्थकेयर क्षेत्र में दस बड़े प्रस्ताव आए हैं।

सेवा पर्व–01

सेवा और सुशासन, यानी जनसेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला – 'सेवा पर्व' में, हम आपके लिए लेकर आए हैं कि कैसे मोदी सरकार, विश्व श्रव्य–दृश्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेव्स के माध्यम से रचनात्मकता और तकनीक का उपयोग करके भारत को मीडिया और मनोरंजन का वैश्विक केंद्र बना रही है।

नरेंद्र मोदी सरकार का विजन है कि भारत की सॉफ्ट पावर का उपयोग विषय–वस्तु, रचनात्मकता और संस्कृति के माध्यम से किया जाए, ताकि वह वैश्विक नेता बन सके। इसी विजन का एक हिस्सा इस वर्ष 1 से 4 मई तक मुंबई में आयोजित विश्व दृश्य–श्रव्य मनोरंजन शिखर सम्मेलन, वेव्स का पहला संस्करण था। इस आयोजन का उद्देश्य दुनियाभर के रचनाकारों, स्टार्टअप्स, उद्योग जगत के नेताओं और नीति–निर्माताओं को एक साथ लाकर भारत को मीडिया, मनोरंजन और डिजिटल नवाचार के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना था। मुंबई में वेव्स का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था सकल घरेलू उत्पाद में सकारात्मक योगदान दे सकती है।

सेवा पर्व–02

रचनात्मकता, तकनीक और प्रतिभा का लाभ उठाकर एक उज्जवल भविष्य बनाने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप, वेव्स ने फिल्में, ओटीटी, गेमिंग, कॉमिक्स, डिजिटल मीडिया, एआई, एवीजीसी–एक्सआर, प्रसारण और उभरती तकनीक को एकीकृत किया है, जिससे यह भारत के मीडिया और मनोरंजन कौशल का एक व्यापक प्रदर्शन बन गया है।

विविध चुनौतियों और सहयोग के लिए एक अद्वितीय मंच के साथ वेव्स ने भारत के मीडिया और मनोरंजन परिदृश्य के भविष्य पर एक स्थायी प्रभाव डाला है।
समाचार डेस्क, आकाशवाणी रायपुर।

बस्तर दशहरा–जोगी बिठाई

पचहत्तर दिनों तक चलने वाले विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरे के तहत कल शाम "जोगी बिठाई" की रस्म अदा की गई। जगदलपुर के सिरहासार भवन में आयोजित कार्यक्रम में विधायक किरण सिंह देव,

बस्तर दशहरा समिति के उपाध्यक्ष बलराम मांझी सहित मांझी, चालकी, मेंबरिन, जनप्रतिनिधि और श्रद्धालु उपस्थित थे।

<u>मौसम</u>
<u>मौसम का हाल–</u>

मौसम विभाग के अनुसार उत्तर ओडिशा और उससे लगे गांगेय पश्चिम बंगाल में एक कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके प्रभाव से प्रदेश में अगले चौबीस घंटों के दौरान व्यापक वर्षा होने की संभावना है। मौसम विज्ञानी डॉक्टर गायत्री ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि मध्य छत्तीसगढ़ में रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग संभाग के जिलों में कुछ स्थानों पर भारी से अति भारी वर्षा होने की चेतावनी दी गई है।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>
<u>समाचार संक्षेप में ...</u>

–स्वच्छता पखवाड़ा के तहत प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में कल पच्चीस  सितंबर को विशेष स्वच्छता कार्यक्रम चलाया जाएगा।

–सेवा पर्व के तहत आकाशवाणी समाचार द्वारा प्रसारित की जा रही विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत कल पच्चीस सितंबर को सुबह नौ बजकर पंद्रह मिनट से 'स्वच्छ भारत मिशन–ग्रामीण' पर केंद्रित विशेष कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>